



**खबर संक्षेप**

### अभिभाषक संघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर होगा त्रिकोणीय मुकाबला

**विदिशा।** जिला अभिभाषक संघ चुनाव के लिए शुक्रवार को नाम वापसी हुई। अध्यक्ष पद के लिए संतोष कुमार शर्मा, खिलान सिंह रघुवंशी, धूपसिंह तोमर के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होगा। उपाध्यक्ष पद के लिए दीपक वाजपेयी निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। प्रवीण दुबे, महेन्द्र प्रताप सिंह जादौन, विनोद कुमार शिवहरे ने नाम वापस ले लिए। देवेंद्र सिंह दांगी के नाम वापस लेने पर जयनारायण सक्सेना कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। सचिव पद के लिए राजेन्द्र सिंह दांगी, बृजेश जाट, वाचनालय सचिव के लिए मनीष शर्मा (उदासी), प्रताप सिंह मालवीय और सह-सचिव पद के लिए कौशल किशोर मांझी, जसवंत सिंह दांगी मैदान में हैं। 28 जून को मतदान होगा और उसी दिन परिणामों की घोषणा होगी।

### मानोरा मेला तैयारियों संबंधी बैठक आज होगी

**विदिशा।** जगदीश स्वामी रथ यात्रा प्रतिवर्ष ग्राम मानोरा में मेला के रूप में आयोजित की जाती है। आयोजन के पूर्व आगंतुक श्रद्धालुओं के लिए किए जाने वाले प्रबंधों के साथ-साथ अन्य प्रबंधों को मूर्तरूप देने के उद्धेश्य से तैयारियों संबंधी बैठक शुक्रवार 20 जून को मानोरा के ग्राम पंचायत भवन में सुबह 11 बजे से आयोजित की गई है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित उक्त बैठक में एसपी सहित विभिन्न विभागों के जिलाधिकारियों को अद्यतन जानकारियां सहित उपस्थित होने की सूचनाएं सम्प्रेषित की गई है। जगदीश स्वामी रथ यात्रा मेला का आयोजन ग्राम मानोरा में 26 से 28 जून तक किया जाएगा।

### सशक्त वाहिनी अभियान अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

**विदिशा।** मध्यप्रदेश शासन महिला एवं बाल विकास द्वारा महिला एवं बालिका सशक्तिकरण के उद्देश्य से सशक्त वाहिनी अभियान अंतर्गत युवतियों, बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं विशेषकर पुलिस भर्ती में चयन हेतु -निशुल्क मार्गदर्शन, अध्ययन एवं शारीरिक प्रशिक्षण हेतु इक्छुक प्रतिभागियों के आवेदन 20 जून से 30 जून तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास कलेक्ट्रेट परिसर जिला विदिशा एवं कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्गानगर में आमंत्रित किए गए हैं।

### आपदा मित्रों, वॉलंटियर्स को दिया जा रहा प्रशिक्षण

**विदिशा।** कुरवाई एवं आस पास की डीआरसी में तैनात होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ जवानों तथा आपदा मित्रों, सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में तैराकी, मोटर बोट चालन, रेस्क्यू तकनीक जैसे नदी में डूबने वाले व्यक्ति को हेड टॉ, चिन टॉ के माध्यम से कैसे बचाकर बाहर निकालें, आपदा प्रबंधन उपकरणों का संचालन आदि के बारे में सीख दी गई है। प्रशिक्षण के दूसरे दिवस कुरवाई एसडीएम नितिन जैन एवं नगर पालिका परिषद कुरवाई अध्यक्ष असुद्दीन खान द्वारा प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ किया गया।

### ईकेवायसी कार्य अब 30 जून तक होगा

**विदिशा।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों की ईकेवायसी कराया जाना अनिवार्य है। इसके लिए पूर्व निर्धारित तिथि में वृद्धि की गई है। अब यह कार्य जिले में 30 जून तक किया जाएगा। जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय ने बताया कि सभी राशनधारको को ईकेवायसी कराना अनिवार्य है। जिले में कुल हितग्राहियों की संख्या 11 लाख 6 हजार 930 है। जबकि अब तक 10 लाख 9 हजार 777 हितग्राहियों के द्वारा ईकेवायसी कराया जा चुका है शेष 97153 हितग्राहियों को ईकेवायसी कराना है।

### लटेरी पहुंचे कलेक्टर ने शासकीय योजनाओं के कार्यों का निरीक्षण किया

# स्कूल, आंगनबाड़ी का निरीक्षण कर कलेक्टर ने जताई नाराजगी, समूह का अनुबंध समाप्त

**कलेक्टर के कड़ी कार्रवाई के निर्देश, समूह और जिम्मेदार जनशिक्षक हटाए।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा


विदिशा। निरीक्षण में कमियां उजागर होने पर कलेक्टर ने समूह का अनुबंध निरस्त करने के आदेश किए जारी।

लटेरी क्षेत्र के प्रवास के दौरान कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बुधवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आनंदपुर एवं परिसर में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक-5 का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई अनियमितताएं सामने आईं, जिस पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी जताते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

कलेक्टर गुप्ता ने आंगनबाड़ी केन्द्र भवन के आसपास गंदगी पाए जाने पर तत्काल सफाई करवाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने केन्द्र परिसर को बच्चों के लिए आकर्षक बनाने हेतु बाल चित्रांकन (पेन्टिंग) कराए जाने को कहा। बच्चों को प्रदाय किए जा रहे पोषण आहार की गुणवत्ता, समय पर वितरण एवं बच्चों की दर्ज संख्या सहित 'सेम' एवं 'मेम' श्रेणियों की पृथक जानकारी भी उन्होंने प्राप्त की। शिकायत के अनुसार भोजन वितरण में लापरवाही की पुष्टि के बाद कलेक्टर ने स्कूल परिसर में स्थित भोजन कक्ष का ताला खुलवाकर निरीक्षण किया। कक्ष की अव्यवस्था और भोजन निर्माण की निर्धारित व्यवस्था से भिन्न प्रणाली पाए जाने पर उन्होंने संबंधित समूह के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिए। विद्यालय निरीक्षण के दौरान श्री गुप्ता ने विद्यार्थियों की उपस्थिति, बोर्ड परीक्षा परिणाम एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु शिक्षकों द्वारा किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा भी की। कलेक्टर के निर्देशों के अनुपालन में डीपीसी आरपी लखेर ने बताया कि आंगनबाड़ी के बच्चों का भोजन समूह द्वारा अपने घर से तैयार कर लाया जा रहा था, जिसे अनुचित मानते हुए अब स्कूल परिसर में ही किचन बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

#### रसोई में गंदगी

मध्यान्ह भोजन निरीक्षण में रसोईघर में गंदगी, सामग्री की अव्यवस्था और केवल चार बच्चों के लिए भोजन बनाए जाने की बात सामने आई। जन शिक्षक देशराज यादव और चंदन सिंह जादौन को तत्काल प्रभाव से हटाने तथा भोजन व्यवस्था संभाल रहे सद्भावना स्व-सहायता समूह का अनुबंध समाप्त करने की कार्रवाई की गई है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बच्चों के पोषण और शिक्षा से जुड़े किसी भी मुद्दे में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

#### लटेरी में योजना के कार्यों का निरीक्षण

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के द्वारा विगत दिवस बुधवार को लटेरी क्षेत्र में भ्रमण कर जिले में क्रियान्वित कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लटेरी में पुर्नघनत्वीकरण योजना हेतु नगर परिषद, जनपद पंचायत की 0.91 हेक्टेयर भूमि का निरीक्षण भी किया।

## वन विभाग की 25 हेक्टेयर वन भूमि से अतिक्रमण हटाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

राजस्व, वन और पुलिस विभाग के द्वारा गुरूवार को संयुक्त रूप से कार्यवाही कर वन परिक्षेत्र उत्तर लटेरी बीट महावन के कक्ष क्रमांक 429 में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई है।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता व पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के मार्गदर्शन में अलग-अलग चार दल बनाकर वन विभाग अमला, पुलिस अमला व राजस्व अमला के द्वारा संयुक्त समन्वय से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हुई है। वन मण्डलाधिकारी हेमंत यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि अतिक्रमण से विमुक्त कराई गई वन भूमि को सुरक्षित रखने हेतु अतिक्रमण क्षेत्र में ट्रेंच, सीपीटी खोदकर देशी बबूल की बीज बुआई कर वन भूमि को कब्जे से मुक्त कराया गया है।

इसी प्रकार वन भूमि पर कब्जा करने वालो लोगो की सूची तैयार कर जिला प्रशासन को उपलब्ध कराई जा रही है ताकि वन भूमि पर कब्जा करने वाले लोगो को शासकीय योजनाओं के लाभ से विमुक्त किया जा सकें।

### भैंस चोरी करने वाला गिरफ्तारः 3.5 लाख की चार भैंसें बरामद

**विदिशा** जिले के कुरवाई थाना पुलिस ने पशु चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से करीब 3.5 लाख रुपए कीमत की चार भैंसें बरामद की गई हैं। घटना 17 जून की है। पीड़ित पीरोठा निवासी राजा राजपूत ने कुरवाई थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी चार भैंसें बेतवा नदी घाट से अज्ञात चोर चोरी कर ले गए हैं। पुलिस को सूचना मिली कि वीना नदी के पास एक व्यक्ति भैंसों को ले जाते देखा गया है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची आरोपी नाम मुकेश अहिरवार निवासी खिरिया तरफदार को गिरफ्तार कर लिया।

### हम्माल और तुलावटों की पहचान के लिए हाथ के बिल्ले प्रदाय किए

**विदिशा।** गुरुवार को कृषि उपज मण्डी समिति विदिशा के अनुज्ञप्तिधारी हम्माल, तुलावटगणों को भारसाधक पदाधिकारी द्वारा कार्य के दौरान पहचान स्थापित करने हेतु हाथ के बिल्ले जिसमें संबंधित के अनुज्ञप्ति क्रमांक अंकित है, प्रदान किये गए हैं। भारसाधक पदाधिकारी क्षितिज शर्मा, एवं मंडी सचिव नीलकमल वैद्य द्वारा प्रत्येक हम्माल, तुलावटों को कार्य के दौरान बिल्ले अनिवार्य रूप से धारण किये जाने हेतु निर्देश दिए। साथ ही शासन की योजनाओं जैसे संबल कार्ड, आयुष्यमान कार्ड, श्रमिक कार्ड, बीमा योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में अवगत कराया।

## जिपं अध्यक्ष ने निरीक्षण किया


**विदिशा।** राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने गुरुवार को एसबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान का निरीक्षण कर किया। प्रशिक्षण की गुणवत्ता, संस्थागत व्यवस्थाओं तथा प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति का मूल्यांकन किया। निरीक्षण के दौरान रघुवंशी ने प्रशिक्षण ले रहे युवाओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं और अनुभवों को जाना। उन्होंने प्रशिक्षण की प्रभावशीलता बढ़ाने हेतु सुधारात्मक सुझाव और निर्देश भी दिए।

## तेंदुए ने उदयगिरि में 3 मवेशियों का किया शिकार, वन विभाग ने जारी की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

विदिशा के उदयगिरि की पहाड़ी पर तेंदुए की मौजूदगी से स्थानीय लोग परेशान हैं। एक सप्ताह पहले उन्होंने तेंदुए को देखा था। वन विभाग ने पहले इस बात से इनकार किया। बाद में लगाए गए हाई क्वालिटी कैमरों में तेंदुए की पुष्टि हुई।

तेंदुए ने उदयगिरि निवासी जगदीश पाल का एक बकरा और दो बकरियां का शिकार कर लिया। स्थिति ऐसी है कि रात 8 बजे के बाद कोई घर से बाहर नहीं निकलता।



विद्यासागर गोशाला में एक हजार से ज्यादा गाय और बछड़े हैं। गोशाला प्रबंधन ने सुरक्षा के लिए छोटे बछड़ों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया है। तेंदुए की मौजूदगी के कारण तालाब गहरीकरण का काम भी रुका हुआ है।

#### ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की

वन मंडल अधिकारी हेमंत यादव के अनुसार तेंदुआ 8 से 10 साल का है। ये इलाका उसका प्राकृतिक आवास है। बरसात के मौसम में पहले भी यहां तेंदुए की मौजूदगी देखी गई है। उन्होंने कहा कि तेंदुआ कुछ दिन में लौट सकता है। वन विभाग ने ग्रामीणों से सतर्क रहने और मवेशियों की सुरक्षा में जान जोखिम में न डालने की अपील की है। आपात स्थिति में वन विभाग को सूचना देने को कहा है। मवेशियों के नुकसान पर शासन मुआवजा देगा।

## माधव उद्यान के विकास के लिए डीपीआर होगी तैयार


**विदिशा।** माधवउद्यान के विकास के संबंध में चर्चा करते हुए जनप्रतिनिधि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

विधायक मुकेश टंडन ने गुरूवार को माधव उद्यान का निरीक्षण किया। उनके साथ नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा, सीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर भी मौजूद रहे।

विधायक मुकेश टंडन ने भ्रमण के दौरान माधव उद्यान के विकास में नए आयाम जोड़ने डीपीआर तैयार कराने के निर्देश दिए हैं। जिसमें से मुख्य रूप से रानी दुर्गावती उद्यान को भी माधव उद्यान से जोड़ने तथा योग भवन को पूर्ण कराने के अलावा आवश्यकता के अनुसार माधव उद्यान के तालाब के चारों और फेसिंग कराने तथा नवीन प्रजाति के पौधे रोपित करने पर जोर दिया है। विधायक ने निरीक्षण के दौरान माधव उद्यान के तालाब में जारी पिचिंग कार्य का भी निरीक्षण किया।

### सात वर्षीय युवक को लगा करंट कॉलोनाइजर पर एफआईआर दर्ज

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** बिट्ठल नगर में शुक्रवार को सात वर्षीय बालक आरव बघेल को करंट लग गया। बच्चे के पिता अनूप बघेल ने बताया कि घर पर था और बेटा आरव घर के सामने मैदान में खेल रहा था। तभी पड़ोसी राजकुमार शर्मा ने आकर बताया कि आपका बेटा आरव खेलते खेलते अचानक मैदान में लगे बिजली के खंबे के पास चला गया और उसको करेंट लग गया है। मैंने जाकर देखा तो बेटा बिजली के खंबे पास खड़ा था और उसको वायें हाथ की कलाई में करेंट लगने के निशान थे। उन्होंने बताया कि कालोनाईजर प्रियंक गगरानी एवं अमित झावर द्वारा लापरवाही पूर्वक स्ट्रीट लाइट की कट बाली डोरी खंबों पर डाली गई है। जिस कारण उक्त खंबे में बिजली का करेंट आ जाने से बेटे को करेंट लगा। जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उसका इलाज चल रहा है। पिता की शिकायत पर पुलिस ने प्रियंक गगरानी और अमित झावर के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## 7 कीटनाशक विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्त

**उर्वरकों व कीटनाशकों की कालाबाजारी, जमाखोरी रोकने चला रहे अभियान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

उर्वरकों एवं कीटनाशकों की कालाबाजारी, जमाखोरी रोकने किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग द्वारा निरंतर निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान 7 कीटनाशक विक्रेताओं द्वारा अनियमितताएं पाए जाने पर कीटनाशक निरीक्षक द्वारा अनुज्ञापन अधिकारी एवं उप संचालक कृषि को संबंधित विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्त करने की अनुशंसा की गई। उप संचालक कृषि केएस खपेड़िया द्वारा कीटनाशक अधिनियम 1968 के तहत तत्काल प्रभाव से लाइसेंस निरस्त किए गए हैं। उप संचालक कृषि श्री खपेड़िया ने जिले के समस्त कीटनाशक विक्रेताओं से आग्रह किया है कि वे कीटनाशक अधिनियम 1968 के प्रावधानों का पूर्णतः पालन करें। साथ ही, उर्वरक विक्रेताओं से अनुरोध किया गया है कि वे उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अनुसार ही उर्वरकों का विक्रय करें। अन्यथा की स्थिति में संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

इधर शमशाबाद के नसरतगढ़ में स्थित राधारानी ट्रेडर्स के संचालक पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। दुकान में अवैध रूप से उर्वरक का क्रय विक्रय किए जाने व प्रपत्रों में केश मेमो जारी न करना तथा आवश्यक प्रविष्टियां पूर्ण न कराने पर उर्वरक निरीक्षक हरिसिंह राजपूत द्वारा दुकान संचालक विकास रायकवार पिता राकेश रायकवार निवासी इन्द्रपुरी कॉलोनी शमशाबाद के विरूद्ध एफआईआर दर्ज की गई। शमशाबाद एसडीएम अजय प्रताप सिंह पटेल ने बताया कि आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत उल्लेखित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है।

#### इनके लाइसेंस निरस्त

- मे. गरिमा एग्रो सेल्स, दुकान क्र. 8/15, रामलीला मार्केट, जतरापुरा
- मे. एग्रो केयर, आयशर ट्रैक्टर शोरूम के सामने, सांची रोड।
- मे. पुष्प रत्न रिटेल्स, खरीफाटक
- मे. माँ विजयासन कृषि सेवा केंद्र, दुकान क्र. 10, रामलीला चौराह
- मे. मोहन ट्रेडर्स, दुकान क्र. 03, कन्हैया हजारी का बाड़ा, वार्ड 24,
- मे. कृष्णा कृषि एग्रो फार्म, ग्राम बर्रो, विकासखंड विदिशा।
- मे. सहज कृषि सेवा केंद्र, ग्राम बिलोरी, विकासखंड विदिशा।

### 4.6 किलो गांजा बरामद एक तस्कर गिरफ्तार

**विदिशा।** कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 4.6 किलोग्राम गांजा जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दिनांक 19 जून को तड़के सुबह 4:25 बजे से 7:45 बजे के बीच पीलिया नाले के पास रोड विदिशा क्षेत्र में घेराबंदी कर आरोपी जितेन्द्र सिंह दागी निवासी ग्राम खरबई को पकड़ा। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से अवैध रूप से रखा गया 4.600 किलो गांजा बरामद किया गया। आरोपी की बाइक भी जब्त की गई है।

### अस्पताल में फल बांटे और रक्तदान किया

**विदिशा।** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर कांग्रेस द्वारा सेवा और सादगी के साथ विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए गए। दोपहर 12 बजे स्थानीय जिला अस्पताल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मरीजों को फल वितरित किए और उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। ब्लड बैंक पहुंचकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

### निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का किया कार्य विभाजन

**कुरवाई।** विगत दिवस स्थानीय उत्सव गार्डन कुरवाई में विश्व हिन्दू परिषद की टोली बैठक संपन्न हुई । बैठक में आगामी 28,29 जून को लगने वाले जिला अभ्यास वर्ग की रूपरेखा बनाई गई। इस दौरान प्रांत सह मंत्री मलखान सिंह ठाकुर ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को व्यवस्था संबंधी कार्य सौंपे तत्पश्चात उपस्थित सभी ने वर्ग स्थल का निरीक्षण कर सहमति जताई। बैठक में विभाग सह मंत्री चंद्रभान सिंह बघेल, विभाग संयोजक सचिन यादव, जिलाध्यक्ष संदीप नेमा, जिला मंत्री अभिषेक शर्मा गुरूजी, जिला सह संयोजक मंजीत तिवारी , प्रखंड अध्यक्ष ऋषभ ठाकुर, प्रखंड उपाध्यक्ष रवि विश्वकर्मा, प्रखंड संयोजक मनोज ठाकुर, प्रखंड सह मंत्री नितिन रैकवार, प्रखंड सह संयोजक रवि लोधी, प्रखंड मीडिया प्रमुख अर्पित दांगी, प्रखंड सत्संग प्रमुख संदीप दांगी एवं प्रखंड नगर एवं वार्ड सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सर्राफा व्यापारियों ने की शस्त्र लाइसेंस की मांग

**विदिशा।** व्यापार महासंघ अध्यक्ष मुन्नालाल जैन के नेतृत्व में छोटा सर्राफा एसोसिएशन के पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल विदिशा जिले के कलेक्टर अंशुल गुप्ता से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने सर्राफा व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए उन्हें आत्मरक्षा हेतु शस्त्र लाइसेंस प्रदान किए जाने की मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को अवगत कराया कि हाल के दिनों में सर्राफा व्यापारियों के साथ राहजनी, लूट, डकैती और हत्याओं जैसी आपराधिक घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, जिससे व्यापारियों में असुरक्षा की भावना व्याप्त है। ऐसी स्थिति में आत्मरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस अत्यंत आवश्यक हो गया है। कलेक्टर ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से लेते हुए मामले को संज्ञान में लिया। उन्होंने कहा कि सभी व्यापारी अपने-अपने लेटरहेड पर व्यक्तिगत रूप से आवेदन तैयार कर व्यापार महासंघ के पत्र के साथ संलग्न करें।

# बुजुर्गों को मिला न्याय, सुलझे पारिवारिक विवाद, सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत बनी स्नेह और संवेदना की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा


**विदिशा।** बुजुर्गों की काउंसिलिंग करे हुए एएसपी प्रशांत चौबे।

एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में संचालित सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत विदिशा पुलिस की एक सराहनीय और मानवीय पहल के रूप में सामने आ रही है। इस अनूठी पहल के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों की पारिवारिक समस्याओं का समाधान संवाद, समझाइश और संवेदना के साथ किया जा रहा है।

हाल ही में आयोजित सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत में कई भावनात्मक मामले सामने आए, जिनका निपटारा सौहार्दपूर्ण वातावरण में किया गया। एक बुजुर्ग महिला ने शिकायत की कि उसका बेटा और बहू उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं। पंचायत में सभी पक्षों की उपस्थिति में खुलकर चर्चा हुई। बेटे ने शराब छोड़ने और वैकल्पिक रोजगार अपनाने की सहमति दी।

इसके बाद जब मां और बेटे ने एक-दूसरे को गले लगाया, तो माहौल भावुक हो उठा। एक अन्य मामले में तीन बेटों के होते हुए भी बुजुर्ग पिता को ग्राउंड फ्लोर पर रहने की अनुमति नहीं थी। पंचायत में सभी बेटों को समझाया गया और अंततः यह सहमति बनी कि पिता ग्राउंड फ्लोर पर रहेंगे और बेटे ऊपरी मंजिलों पर। सभी परिजन संतोष के साथ रवाना हुए।

#### मां को घर में सम्मान

एक बुजुर्ग महिला ने शिकायत की कि उसके कमरे में बेटा-बहू ने ताला लगा दिया है। इस पर स्पष्ट किया गया कि मां को घर के हर हिस्से में स्वतंत्रता से रहने का अधिकार है। बच्चों ने पंचायत की बात मानते हुए ताला खोलने और भविष्य में ऐसा न करने की बात कही। ऐसे कई संवेदनशील मामलों में संवाद और स्नेह के जरिए समाधान निकाले गए। विदिशा पुलिस का यह प्रयास समाज में आपसी विश्वास और पारिवारिक समरसता की नई मिसाल कायम कर रहा है।

**ऐजेन्सी देना है।** हरिभूमि

**विदिशा जिले में ऐजेन्सी देना है ।**

**नटेरन, मण्डीबामोरा, आनदपुर, पठारी, अटारीखेजड़ा, मुरारिया, त्यौंदा, मुरवास**

**सम्पर्क करें अटल तिवारी: 9425422701**

**पता :- हरिभूमि कार्यालय 4 फ्लोर, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल**

**मो.: 8770833858, 9827743042**

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव- 3084
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2380
उच्चतम भाव- 2670
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2400
उच्चतम भाव-2451
चना
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-5502
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2960
उच्चतम भाव-3372
धान
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव-3210
मसूर
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-6701
सरसों
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-7000
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2050
उच्चतम भाव-4820
मूंग
न्यूनतम भाव-2310
उच्चतम भाव-7110
धनिया
न्यूनतम भाव-6200
उच्चतम भाव-6801
उड़द
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-5625
बटरी
न्यूनतम भाव-3100
उच्चतम भाव-3400
तुअर
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-4000
ज्वार
न्यूनतम भाव-1700
उच्चतम भाव-1715
मक्का
न्यूनतम भाव-2150
उच्चतम भाव-2150

### कृषि मण्डी में हुई आवक


**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 11914 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## शुक्रवार, शनिवार से लगातार और अच्छी मानसूनी बारिश के संकेत

# रिमझिम बारिश के साथ इलाके में हो गया मानसून का आगमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा






पिछले दिनों प्रदेश में मानसून की आमद के साथ ही इलाके में भी मानसून के आगमन का इंतजार किया जा रहा था। पिछले कुछ दिनों से उमस भरी गर्मी से परेशान हो रहे लोगों को गुरूवार को दिन भर रह रहकर हो रही रिमझिम बारिश से राहत मिली है। मौसम की जानकारी देने वाली वेबसाइटों के अनुसार यह मानसून का आगमन है और आगामी शुक्रवार शनिवार से इलाके में लगातार और अच्छी मानसूनी बारिश शुरू हो सकती है।

यहां उल्लेखनीय है कि इस बार मानसून का मूड कुछ अलग चल रहा है। समय से पहले केरल और महाराष्ट्र तक आने के बाद मप्र की सीमा पर मानसून ठहर गया था। इसके बाद धीरे धीरे आगे बढ रहे मानसून के भोपाल के पहले ही दिशा बदलने के संकेत मौसम विभाग ने देने शुरू कर दिए थे और इलाके में 22 जून को मानसून का आगमन बताया था।

उधर मानसून के आगमन के पूर्व इलाके में उमस भरी तेज गर्मी पड रही थी और लोगों को बिना पंखे, कूलर के रहना भी मुश्किल हो रहा था। वहीं किसानों को भी मानसून के पूर्व तेज गर्मी पडने और प्री मानसून की अच्छी बारिश न होने से बोवनी की तैयारियों को लेकर परेशान होना पड रहा था।

इस बीच गुरूवार को प्रतिदिन की तरह आसमान पर बादल छाने लगे और दोपहर बाद गहरी घटाओं से नगर सहित इलाके भर में बारिश शुरू हो गई। नगर में जहां कुछ समय अच्छी बौछारें पडीं तो वहीं आसपास के कुछ गांवों में तेज तो कुछ में मध्यम बौछारें ही पडीं। हांलाकि दोपहर बाद से देर शाम तक रह रहकर रिमझिम बारिश होती रही। जिससे हवा में ठंडक घुल गई और मौसम सुहावना होने से लोगों को गर्मी एवं उमस से राहत मिल गई है।

किसानों को भी इस बारिश से कुछ राहत मिली है, लेकिन भरपूर राहत के लिए उन्हें अभी अच्छी बारिश का इंतजार है। उधर जिले में मानसून को दृष्टिगत रखते हुए किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा किसानों को सलाह दी गई है कि जब उनके क्षेत्र में लगभग 4 इंच (100 एमएम) वर्षा हो जाये उसके बाद ही खरीफ फसलों की बोनी करें, सोयाबीन की बोवनी के लिये मध्य जून से लेकर जुलाई के प्रथम सप्ताह तक का समय उपयुक्त होता है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान हैं कि इस वर्ष सामान्य या सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है। इसलिए किसान चैडी क्यारी प्रणाली या कूंड-मेड प्रणाली रिज-फरौ पद्धति से ही बोवनी करें, ताकि अधिक वर्षा की स्थिति में जल निकासी आसानी से हो सके। बोवनी से पूर्व बीजों का अंकुरण जांच लें और बीजोपचार करके ही बोवनी करें। उधर इलाके के मौसम की जानकारी देने वाली वेबसाइटों और भारतीय मौसम विभाग ने इलाके में मानसून की आमद के संकेत दिए हैं।

इन वेबसाइटों में से एक ने शुक्रवार और शनिवार को तेज बारिश और दूसरी वेबसाइट ने शनिवार से आगामी 1 जुलाई तक प्रतिदिन अच्छी बारिश होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। इस लिहाज से किसानों को बोवनी के लिए पूरी तरह तैयारी कर लेना चाहिए।

# देहात पुलिस ने 15 घंटों में दो बच्चों को लौटाया घर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में देहात थाना पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत सराहनीय कार्रवाई करते हुए 15 घंटे में उत्तर प्रदेश से अपहृत नाबालिग बालक-बालिका को सकुशल दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 18 जून को थाने में दर्ज अपराध धारा 137(2) बीएनएस के तहत तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने 30 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की जांच, ऑटो चालकों से पूछताछ एवं रेलवे स्टेशन पर मौजूद लोगों से जानकारी लेकर बच्चों का सुराग लगाया। बच्चों को ललितपुर से दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा गया। संपूर्ण कार्रवाई में सोशल मीडिया का अत्यंत प्रभावशाली उपयोग हुआ, जिसके माध्यम से त्वरित सूचना का आदान-प्रदान हुआ और सटीक लोकेशन की जानकारी प्राप्त की गई। यदि सोशल मीडिया का रणनीतिक और सकारात्मक उपयोग किया जाए, तो यह पुलिस के लिए एक ब्रह्मास्त्र सिद्ध हो सकता है। जांच के दौरान बच्चों की जानकारी, फोटो व विवरण सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से तेजी से साझा किए गए। इस क्रम में पत्रकारों, सामाजिक संगठनों एवं आमजन द्वारा किए गए सहयोग ने पुलिस के लिए यह कार्रवाई आसान बना दी। देहात थाना प्रभारी ने सभी पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया है। जिनके तत्परता से किए गए साझा प्रयास से यह सफलता संभव हो सकी। यह समन्वय दर्शाता है कि पुलिस और समाज मिलकर कार्य करें तो हर चुनौती को पार किया जा सकता है। इस कार्रवाई में निरीक्षक आशुतोष सिंह, मोहर सिंह मंडेलिया, योगेन्द्र सिंह परमार, लक्ष्मण डाबर, अनुज प्रताप सिंह, गौरव रघुवंशी, पूजा रावत, अजय सिंह रघुवंशी, केशरी प्रसाद शर्मा, वीरेंद्र लोधी, युवराज सिंह, रोहित रैकवार, दिलीप शर्मा, रामनिवास मीना, दिनेश रघुवंशी, राजकुमार रघुवंशी, प्रागराज गुर्जर एवं सैनिक विजय सिंह रघुवंशी सहित अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही। वर्ष 2025 में विदिशा पुलिस अब तक 215 से अधिक लापता, अपहृत नाबालिगों को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा गया है।

# नेशनल फिजियोथैरेपी कॉन्फ्रेंस का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

चिरायु यूनिवर्सिटी भोपाल द्वारा 15 जून को चिरायु फिजियो समिट 2025 नेशनल फिजियोथैरेपी कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इसमें देश के कोने कोने से आए फिजियोथैरेपिस्ट ने भी भाग लिया। इस कांफ्रेंस में गंजबासौदा से डॉक्टर सुनील चौहान फिजियो थैरेपिस्ट को 'क्लिनिकल एक्सीलेंस अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार फिजियोथैरेपी और रिहैबिलिटेशन की फील्ड में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया है। यहां उल्लेखनीय है कि डॉ सुनील चौहान फिजियोथैरेपिस्ट, नगर में सन 2012 से लगातार अपनी सेवाएं दे रहे हैं, जहां अब तक हजारों लोगों को फिजियोथैरेपी और आर्थोपेडिक, न्यूरोलॉजिकल रिहैबिलिटेशन का फायदा दे चुके हैं, साथ ही समय के अनुसार अपनी सेवाओं में विस्तार भी करते जा रहे हैं, इन्होंने पिछले साल से 'आपका फिजियो आपके गांव की चौपाल' नाम से एक खास मुहिम चला रखी है। जिसमें यह समय निकालकर नगर के आसपास गांव गांव जाकर निःशुल्क रूप से अपनी सेवाएं देते हैं। अब तक 12 से 13 गांव इस फिजियो चौपाल से लाभान्वित हो चुके हैं, समय के अनुसार यह फिजियो चौपाल हमेशा चालू रहेगी।

### झींगुर बने परेशानी का कारण

**गंज बासौदा।** इन दिनों इलाके भर में झिंगुरों का आतंक फैला हुआ है। शाम होते ही जैसे ही लाइट चालू होती है। झींगुर दर्जनों की संख्या में घरों, आफिस, दुकानों में एकत्रित हो जाते हैं। झिंगुरों के कारण लोगों को अपने घरों में अंधेरा करके रखना पड़ रहा है।

## त्योंदा मंडल में आयोजित हुआ भाजपा का कार्यक्रम




**गंजबासौदा।** गत दिवस त्योंदा मंडल के मुख्यालय त्योंदा में केन्द्र की मोदी सरकार के 11 साल पूर्ण होने पर 11 साल बेमिसाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। त्योंदा के सांस्कृतिक भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ राकेश सिंह जादौन, वरिष्ठ भाजपा नेता जितेन्द्र मीणा, त्योंदा मंडल अध्यक्ष रोहित पटेल मौजूद रहे। अतिथियों ने पं दीनदयाल उपाध्याय और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने कार्यकर्ताओं को भाजपा की रीति नीति से अवगत कराते हुए केन्द्र सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी। साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे जन कल्याणकारी कार्यों एवं योजनाओं की भी जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं से हर गावं, बस्ती और घर घर पहुंचकर इन योजनाओं एवं कार्यों की जानकारी देने आव्हान किया। साथ ही कहा कि जो भी पात्र इन योजनाओं के लाभ से वंचित रह रहा है, उसे भी चिन्हित करें और उसे योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संगठित और अनुशासित रहने की भी सीख दी गई। इस अवसर पर अनुज, भानु, सौरभ, कुलदीप सहित सैकडों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# उपजेल में योग शिविर आयोजित



**गंजबासौदा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में उप जेल में 19, 20, 21 जून को तीन दिवसीय योग का कार्यक्रम रखा गया। योग गुरु महेंद्र सिंह रघुवंशी के द्वारा योग से शारीरिक मानसिक लाभ लेने के लिए जेल में बंद कैदियों के स्वास्थ्य लाभ के लिए शिविर लगाया गया है। योग गुरु महेंद्र रघुवंशी ने बताया योग एक विशुद्ध रहस्मय शास्त्र है जिसका आधार केवल निजी अनुभव है। योग एक जीवन दर्शन है योग आत्म अनुशासन है, योग जीवन पद्धति है योग व्याधि मुक्त समाधि युक्त जीवन की संकल्पना है। योग आत्मा उपचार एवं आत्म दर्शन की श्रेष्ठ आध्यात्मिक विद्या है। योग मात्र एक वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति नहीं अपितु योग का प्रयोग परिणाम पर आधारित एक ऐसा प्रमाण है जो व्याधि को निर्मल करता है। अतः यह एक संपूर्ण विद्या का शारीरिक रोगों का ही नहीं बल्कि मानस रोगों की भी चिकित्सा है। शिविर के दौरान उपजेल प्रभारी आलोक भार्गव मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात बाइक चालक ने टक्कर मारी

**गंजबासौदा।** फरियादी मिथलेश प्रजापति निवासी वार्ड नंबर 21 ईदगाह रोड ने सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह मजदूरी का कार्य करता है। गुरूवार को सुबह जय स्तंभ चौक पर वह मजदूरी की तलाश में खड़ा था। तभी अज्ञात बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक एवं तेज गति से बाइक चलाते हुए उसे टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों ने उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। इस मामले में पुलिस ने फरियादी मिथलेश की रिपोर्ट पर अज्ञात बाइक चालक के विरुद्ध धारा 281, 125(A) 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और बाइक चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# पेंशनर्स ने की उप मुख्यमंत्री देवडा से मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा से प्रगतिशील पेंशनर्स संगठन के सदस्यों ने गतदिवस भोपाल पहुंचकर मुलाकात की। जिसमें उन्होंने पेंशनर्स को विभिन्न लाभ दिलाए जाने की मांग करते हुए उन्हें पेंशनर्स के प्रांतीय सम्मेलन के लिए गंजबासौदा आगमन का आमंत्रण भी दिया। ज्ञात हो कि प्रगतिशील पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने गत दिवस उपमुख्यमंत्री जगदीश देवडा से मुलाकात की थी। जिसमें प्रतिनिधिमंडल ने पेंशनरों की मृत्यु होने पर 125000 अनुग्रह राशि, बेरोजगार बच्चों के गरीबी रेखा के राशन कार्ड बनवाने, 30 जून और 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होने वाले पेंशनरों को तत्काल वेतन वृद्धि का लाभ दिए जाने तथा महंगाई भत्ते के मामले में सहानुभूति पूर्वक विचार करने की मांग रखी। इस प्रतिनिधि मंडल में सुधीर दुबे, जगदीप राजपूत, रमेश जोशी, गंगवार जी, रमेश विश्वकर्मा, श्री जैन सीहोर, एस ठाकुर सहित प्रांत एवं जिलों के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे। इस प्रतिनिधि मंडल ने अपनी मांगें रखने के बाद उप मुख्यमंत्री को गंजबासौदा में आयोजित होने जा रहे पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांतीय सम्मेलन की जानकारी दी। साथ ही उनसे सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का आग्रह करते हुए आमंत्रित किया। जिस पर उप मुख्यमंत्री ने अपनी स्वीकृति प्रदान की।

# स्व.रवि ठाकुर की 7वीं पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्वर्गीय रवि ठाकुर की 7वीं पुण्यतिथि के अवसर पर मित्र मंडली द्वारा गुरुवार को विश्रामगृह में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेवा और समर्पण की भावना के साथ बड़ी संख्या में युवाओं और नागरिकों ने रक्तदान कर पुण्य आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

रक्तदान शिविर में 15 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। एकत्रित रक्त को विदिशा से आए लेब टेक्नीशियन सन्तोष शुक्ला, ब्रजेश गुर्जर, चंद्रप्रताप सिंह, अंशुल दांगी को जिला अस्पताल ब्लड बैंक विदिशा के लिए सौंपा गया। ताकि ज़रूरतमंद मरीजों की सहायता की जा सके।

इस अवसर पर उनके भाई राहुल दांगी ने कहा कि रवि ठाकुर एक मिलनसार, समाजसेवी और प्रेरणादायक व्यक्तित्व थे। शिविर में रामवीर गुर्जर, कुलदीप रघुवंशी, विभाष अधिकारी, ब्रजेंद्र ठाकुर, भूपेंद्र ठाकुर, नयनदीप शिल्पकार, वीरेंद्र शर्मा, शरद ताम्रकार, अरविंद बरखेड़ा, जितेंद्र रघुवंशी, अमन ठाकुर, राहुल सोनी, रोमिल जैन, आदित्य रघुवंशी, सोनल ठाकुर, अनुज यादव, रिशव लोधी, हरिओम रघुवंशी आदि की विशेष भूमिका रही।

## 70 से अधिक कार्यक्रम करने का लिया संकल्प

# शहर वाचनालय में मनाया गया जन्मदिन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरुवार को शहर वाचनालय में वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले का जन्मदिन वाचनालाय सदस्य एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने उत्साह पूर्वक मनाया। इस दौरान पिंगले को शाल, श्रीफल , मिठाई खिलाकर जन्मदिन की शुभकामनायें दी गई। इस अवसर उपस्थितजनों ने कहा की बाबू पिंगले दूसरों को सम्मान देना, कुर्सी के पीछे न भागना, किसी के दुख दर्द को अपना मानना बाबू की खूबी है। उन्हें जिंदादिल इंसान, हरफ़नमौला कहा। दीपक तिवारी ने सुनील बाबू पिंगले के विषय में कहा कि वह महापुरुषों की जयंती, पुण्यतिथि को मनाकर हमें महापुरुषों की राह दिखाते हैं। वहीं कैलाश नामदेव ने कहा की बाबू अनेकानेक दंत शिविर , नेत्र शिविर जिले भर मे आयोजित कर समाजसेवा की विशाल धुरी बन गए हैं। इस अवसर पर सुनील बाबू ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है, उन्होंने कहा कि मैने यह संकल्प लिया है कि इस एक वर्ष में स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान द्वारा सहयोग से 70 से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और समाज सेवी संस्थाओं द्वारा संचालित किया जावेगा। कार्यक्रम में कैलाश नेमा, रमेश मालवीय, अमित सोनी, पप्पू नामदेव सहित नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिव सोनी ने किया एवं आभार वाचनालय प्रभारी शतीश शिल्पकार ने व्यक्त किया।

### बार बार हो रही बिजली गुल

**गंजबासौदा।** इन दिनों विद्युत वितरण कंपनी द्वारा दिन में कई बाद नगर के अलग अलग वार्डों में बिजली की कटौती की जा रही है। जिससे उपभोक्ताओं को गर्मी के मौसम में बगैर पंखा, कूलर, एसी के परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# यातायात पुलिस ने चालानी कार्रवाई में वसूले 3400 रुपए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

यातायात पुलिस द्वारा नगर में लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। यातायात पुलिस प्रभारी निरपत सिंह के नेतृत्व में टीम ने गुरुवार को जय स्तंभ चौक पर वाहनों की जांच की गई। इस दौरान दो पहिया वाहनों के रजिस्ट्रेशन, तीन सवारियां बैठाने, नंबर प्लेट न लगी होने, लायसेंस न होने आदि की जांच की गई। जिसमें कमी पाए जाने पर 10 वाहन चालकों के 3400 रुपए के चालान बनाए गए और राशि वसूल की गई। यातायात प्रभारी निरपत सिंह ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपने वाहन पूरे दस्तावेजों के साथ और नियमानुसार चलाएं। सुरक्षा के लिए हैलमेट पहनें, क्षमता से अधिक सवारी न बैठाएं, लायसेंस होने पर ही वाहन चलाएं, सुरक्षा का ध्यान रखें आदि की हिदायत वाहन चालकों को दी।

## खबर संक्षेप

### आईजी खन्ना का सम्मान किया

**सागर।** एकता समिति ने आज सागर रेंज की नवनियुक्त पुलिस महानिरीक्षक हिमानी खन्ना से सौजन्य भेंट कर सम्मानित किया और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अब्दुल रशीद भाई, सतीश खत्री, शरद गुप्ता, चंपक भाई, संजय शास्त्री, राजेंद्र मलैया, कमल जैन, प्रमोद चौरसिया, शरदकांत सोनी, प्रमोद पटेल, राजेंद्र सोनी आदि उपस्थित थे। सदस्यों ने शहर की कानून व्यवस्था की स्थिति से श्रीमती खन्ना को अवगत कराया।

### प्रतिभा चयन ट्रायल आज खेल परिसर सागर में

**सागर।** मध्य प्रदेश राज्य पुरूष हॉकी अकादमी भोपाल द्वारा वर्ष 2025 हेतु पुरूष हॉकी अकादमी के लिए प्रतिभा चयन ट्रायल 20 जून को खेल परिसर सागर में सायं 4 बजे होगा। प्रतिभा चयन कार्यक्रम में खिलाड़ियों का चयन किया जावेगा। चयन ट्रायल मप्र हॉकी अकादमी के चीफ कोच ओलंपियन श्री समीर दाद, एवं सहायक कोच लोकेन्द्र शर्मा चयन ट्रायल लेंगे। खिलाड़ी को 20 जून को सायं 4 बजे से पूर्व अपनी उपस्थिति जरूरी दस्तावेजों के साथ आधार कार्ड, अंकसूची, जन्म प्रमाण पत्र, फोटो के साथ चयन ट्रायल स्थल खेल परिसर सागर स्थित हॉकी मैदान पर देनी होगी। इच्छुक प्रतिभागी की आयु दिनांक 01 जनवरी 2025 की स्थिति में आयु 12 वर्ष एवं 18 वर्ष से कम होना चाहिए।

### बच्चों को स्कूलों में खिलाई गई गोलियां

**सागर।** कलेक्टर के निर्देशन में एवं शिक्षा विभाग महिला बाल विकास विभाग व स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयासों से आज से स्कूल खुलते ही एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के अंतर्गत सभी स्कूलों में बच्चों को आयरन की गोलियां खिलाई जाना शुरू किया गया। ग्रीष्मकालीन समय में बच्चे घर पर ही आयरन की गोलियों का सेवन कर रहे थे।

---

### ड्राई डे सहित कई फिल्मों में अहम किरदार निभा चुके वरिष्ठ रंगकर्मी संजय मेहता

# आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' में मसूद का किरदार निभाएंगे संजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

सिद्ध आश्रम आमाढाना के वरिष्ठ मंहत एंव वरिष्ठ रंगकर्मी संजय मेहता अभी तक कई फिल्मों में कार्य कर चुके। बतौर अभिनेता उन्होने फिल्मीस्तान में महत्वपूर्ण किरदार निभाया जिसके निर्देशक नितिन कक्कड़ है।

फिल्म को बेस्ट हिंदी मूवी का नेशनल अवार्ड भी प्राप्त हुआ है। मोहल्ला अस्सी जो की डॉक्टर चंद्रप्रकाश द्विवेदी द्वारा निर्देशित फिल्म है इसमें भी मेहता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हंसल मेहता द्वारा निर्देशित फिल्म ऑर्मेटा में मसूद अजहर के किरदार में कार्य किया है। इस फिल्म में राजकुमार राव इसके साथ ही संजय मेहता ने वाह ताज राजनीति और जी 5 पर उपलब्ध दूसरी मां सीरियल में अपनी भूमिका निभाई है।

#### फिल्म ड्राई डे में अलग अंदाज में देखे गए संजय मेहता

अमेजॉन प्राइम पर सौरभ शुक्ला द्वारा निर्देशित फिल्म ड्राई डे में एक दूसरे अंदाज में संजय मेहता दिखाई पड़ते हैं संजय मेहता धड़क टू में भी दिखाई देंगे जो जल्द ही रिलीज होने वाली फिल्म है। अभी जिस फिल्म की शूटिंग चल रही है वह आदित्याधर की धुरंधर जिसमें अर्जुन,रामपाल,अक्षय खन्ना,संजय दत्त,रणवीर सिंह काम कर रहे हैं। संजय मेहता इस फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका अब्दुल भुट्टोवी कर रहे हैं।

फिल्म का अगला शेड्यूल थाईलैंड में होना संभावित है। यूं तो संजय मेहता किसी परिचय के मोहताज नहीं है लेकिन पिछले 45 वर्षों से रंगकर्म की दुनिया में बतौर अभिनेता और निर्देशक के रूप में उनकी ख्याति चारों तरफ फैली हुई है।



#### अभी तक चार हो चुके हैं नाटक प्रकाशित

वरिष्ठ रंगकर्मी पंडित संजय मेहता के अभी तक चार नाटक प्रकाशित हो चुके है। जो कि शिवोहम,संत कबीर,संत तुकाराम और मरघटा खुला आदि है। मरघटा खुला है हेतु साहित्य अकादमी मध्य प्रदेश शासन का हरि कृष्ण प्रेमी सम्मान भी प्राप्त है। उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी का सफदर हाशमी सम्मान भी श्री मेहता को प्राप्त हो चुका है। फिल्म और रंगमंच दोनों माध्यमों में संजय मेहता निरंतर महत्वपूर्ण कार्य लगातार करते आ रहे हैं। इसके साथ-साथ पिछले 15 वर्षों से अध्यात्म के क्षेत्र में संजय मेहता ने अलग ख्याति प्राप्त की है। सिरोंज में सिद्धाश्रम के महंत के रूप में सिरोंज और सिरोंज के आसपास सभी जगह उनके ख्याति है। आने वाली फिल्म धड़क 2 और आदित्या धर की फिल्म धुरंधर का बेसब्री से इंतजार नागरिको को है।

---

# भाजपा नेता पंथी ने मोदी सरकार की योजनाओं की दी जानकारी

### मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर मतदान केन्द्र पर बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रत्येक मतदान केंद्र पर मोदी जी के 11 साल बेमिसाल के उपलक्ष्य में बैठके आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में मतदान शक्ति केंद्र क्रमांक 5 की बैठक भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व पार्षद तोषमणी पंथी कन्ना भैया के निवास पर संपन्न हुई।

जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष पारस तारण उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने मोदी जी के 11 साल के कार्यकाल पर प्रकाश डाला। वही नगरपालिका के अध्यक्ष मनमोहन साहू ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर बैठक में वार्ड क्रमांक 14 15 एवं 16 के मतदान केन्द्रो के कार्यकर्ता उपस्थित थे। तो वही भाजपा नेता तोषमणी पंथी कन्ना भैया ने बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की



अनेको योजनाओं के बारे में कार्यकर्ताओं को बताया और आने वाले समय में कौन-कौन सी योजना प्रारंभ होने वाली हैं और किन-किन योजनाओं का लोगों को लाभ मिल रहा है इस संबंध में उन्होंने अपनी बात रखी। इस मौके पर वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद इमरान कुरेशी, झुन्नीलाल साहू, दीपक जाटव, मनमोहन कुशवाह, लक्ष्मण मीना, कैलाश प्रजापति सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

### श्रीफल भेंटकर दिया आमंत्रण

## पचखनी जैन मंदिर निर्माण कार्य मुनिश्री का प्राप्त किया आशीर्वाद

**सिरोंज।** दिगम्बर जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष एंव पचखनी जैन मंदिर के अध्यक्ष डॉ राजीव जैन बंटी ने मुनि श्री 108 सुधा सागर जी महाराज के सिरोंज आगमन को लेकर बिहार के समय जैन समाज की ओर से श्रीफल भेंट किया। साथ ही पचखनी जैन मंदिर के चल रहे निर्माण कार्य की जानकारी दी ओर मुनि श्री का मार्गदर्शन व आशीर्वाद प्राप्त किया।



### गढ़ाकोटा पुलिस ने पकड़ी डेढ़ लाख की शराब, दो आरोपी गिरफ्तार

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा में गुरुवार कि देर रात गढाकोटा पुलिस द्वारा अवैध शराब पर बड़ी कार्यवाही की गई। जिसमें पुलिस द्वारा 28 पेटी अवैध शराब व सफेद रंग कि टाटा वोल्ट कार के साथ दो आरोपी को पकड़ा है। थाना प्रभारी रजनीकांत ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सागर द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही करने को लेकर निर्देशित किया गया था जिसके पालन में पुलिस द्वारा मुखबिर तंत्र को मजबूत किया गया था। देर रात मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी कि एक सफेद रंग कि कार में भारी मात्रा में पथरिया तरफ से अवैध शराब लाई जा रही है। जिसके रहस मेला रहली रोड पर चैकिंग लगाई गई।



## विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**सिरोंज।** नगर के लिंक रोड स्थित निजी विघालय में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सिरोंज न्यायालय से अपर जिला सत्र न्यायाधीश विजय कुमार पांडे और प्रथम श्रेणी न्यायाधीश सुश्री अंकिता जैन, पैरालीगल वालंटियर समाजसेवी छगन सिंह राजपूत,भैया-बहिन उपस्थित रहे। इस अवसर पर अपर जिला सत्र न्यायाधीश विजय कुमार पांडे द्वारा कानून कितने प्रकार के होते हैं और पढ़ाई के विषय मे जानकारी दी। न्यायाधीश सुश्री अंकिता जैन द्वारा कानून से संबंधित जानकारी दी और 18 साल से कम उम्र वाले भैया एवं बहनो को गाडी ना चलाने को लेकर समझाइश दी।

### तैयारियों में जुटा जैन समाज

## मुनिश्री का सिरोंज में 22 को भव्य आगमन, तैयारियां तेज


**सिरोंज।** वरिष्ठ समाजसेवी पचखनी व छत्री जैन मंदिर के वरिष्ठ नेता सौरभ जैन गुलाबगंज ने मुनि श्री 108 सुधा सागर जी महाराज के बिहार के दौरान साथ चलते हुए मण्डी बामौरा पहुचें और मुनि श्री का आशीर्वाद प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि मुनि श्री सुधा सागर महाराज का सिरोंज आगमन होने जा रहा है।

इसको लेकर समाजजनो द्वारा भव्य तैयारिया की जा रही है। जैन समाज के जैन धर्मलंबियो को बडी उम्मीद कि सिरोंज पचखनी जैन मंदिर व छत्री जैन मंदिर के निर्माण कार्य में मुनि श्री का आर्शीवाद प्राप्त होगा। वही जैन समाज काफी उत्साहित है।



---

# योग दिवस पर मुनि अक्षय सागर महाराज के सानिध्य में होगा योग प्रवचन कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

22 जून से चैनपुर रोड पर नव निर्मित मंदिर प्रांगण में पंच कल्याणक महोत्सव का धार्मिक कार्यक्रम प्रारंभ हो रहा है। 21 जून को विश्व योग दिवस पर कार्यक्रम स्थल पर जैन मुनि 108 श्री अक्षय सागर महाराज के सानिध्य में योग का विशेष कार्यक्रम प्रातः रखा गया है।

**सभी आमंत्रित** - नव निर्मित मुनि सुबृत नाथ दिगम्बर जैन मंदिर प्रांगण में सर्वोदय विद्या संघ एवं टीम पहल परिवार के संयुक्त तत्वाधान में विश्व योग दिवस पर विशेष कार्यक्रम रखा गया है। योगाचार्य डॉ. नवीन जैन के निर्देश में सभी आयु वर्ग के महिला पुरूषों को विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास और उनसे होने वाले लाभ के संबंध में बताया जाएगा। योग कार्यक्रम के समापन बाद जैन मुनि अक्षय सागर महाराज के आर्शीवचन का लाभ प्राप्त होगा। सभी से योग के विशेष कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

### बिना पानी लगे बेदाग निकली मूंग, होगी समर्थन मूल्य पर तुलाई

# समर्थन मूल्य पर मूंग बेंचने पंजीयन शुरू



**बरेली।** अन्य वर्षो की तरह इस वर्ष भी ग्रीष्म कालीन मूंग की फसल कटाई के लिए किसानों को पर्याप्त समय मिला। बारिश का मौसम तो बना परंतु इतनी बारिश नहीं हुई कि खेतो में मूंग की फसल खराब हो, पिछले दिनों में निकली तेज धूप, गर्मी से अधिकांश किसानों द्वारा समय से मूंग कटवा कर सुरक्षित कर लिया जिससे किसानों ने राहत की सांसे लेना शुरू किया। अधिकांश मूंग की कटाई हो चुकी है, फिलहाल कही-कही मूंग की कटाई भी हो रही है।

समर्थन मूल्य पर खरीदने पंजीयन - एक सप्ताह पूर्व तक किसानों के बीच मूंग को लेकर उहापोह की स्थिति बनी रही कि समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीद होगी या नहीं होगी। किसानों, किसान संघ ने आंदोलन किया आखिरकार 13 जून को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्रीष्म कालीन मूंग की समर्थन मूल्य पर खरीद की घोषणा कीह। आज 19 जून से मूंग बैंचने पंजीयन की शुरूआत होगी। 6 जुलाई तक पंजीयन और 7 जुलाई से केन्द्रो पर मूंग की समर्थन मूल्य पर तौल प्रारंभ होगी। संपूर्ण क्षेत्र में 50 हजार हेक्टर से अधिक रकबे में मूंग की खेती और लाखो कु. ग्रीष्मकालीन मूंग का उत्पादन होने की संभावना है।

### पशुओं के उपचार के लिए बनेगा पशु चिकित्सालय

# राज्यमंत्री पटेल ने की मांग, मुख्यमंत्री ने पशु चिकित्सालय भवन निर्माण की घोषणा



**बरेली।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पहली बार नगरागमन से पूर्व समाचार के माध्यम से क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं मुद्दो का प्रमुखता से प्रकाशन कर राज्यमंत्री, मतुख्यमंत्री एवं अधिकारियों के संज्ञान में लाने का कार्य किया। परिणाम स्वरूप राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने वर्णित उठाये मुद्दो को अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जिसमें 65 वर्षो पुराने क्षतिग्रस्त जर्जर पशु चिकित्सालय के स्थान पर नया भवन निर्माण की मांग के विधायक राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। मुख्यमंत्री ने नया पशु चिकित्सालय भवन निर्माण की घोषणा कर हजारों पशु पालकों, किसानो का दिल जीत लिया।

**बनेगा नया भवन मिलेगी उपचार की सुविधा** - 1956 में म.प्र. गठन के बाद नगर में पशु चिकित्सालय भवन का निर्माण हुआ लगभग 65 वर्षो पुराने पशु चिकित्सालय अस्पताल अत्याधिक क्षतिग्रस्त और जर्जर हो जाने से पशुओं का भली प्रकार इलाज नहीं हो पा रहा था। क्षेत्र में 25 हजार से अधिक पशुओं की संख्या है। नया पशु चिकित्सालय भवन बनने से पशुओं को बेहतर उपचार की सुविधा मिलना पशु पालकों किसानो के लिए बडी उपलब्धी होगी।

पशु चिकित्सालय के पास कई एकड भूमि है। फैसिंग और सुरक्षा न होने से पिछले दशको में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण का सिलसिला बना रहा। आसपास की कृषि भूमि छोटे-छोटे भूखण्डो में बिकती रही। लोगो ने मकान बनाने के साथ खाली पडी भूमि पर अतिक्रमण कर लिया। पशु चिकित्सालय की भूमि का सीमांकन और किए अवैध कब्जा अतिक्रमण हो हटाना भवन निर्माण के लिए चुनौती पूर्ण बना रह सकता है।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राजेंद्र अहिरवार पुत्र श्री मोहनलाल अहिरवार निवासी वार्ड नं. 35 विदिशा तहसील व जिला विदिशा म.प्र. द्वारा मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा विदिशा से लोन प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसमें उनके द्वारा स्वयं के स्वामित्व आधिपत्य के मकान / प्लॉट मकान नं. 28 लोहांगी पुरा, विदिशा तहसील व जिला विदिशा म.प्र. जिसका क्षेत्रफल 462 वर्गफीट और चतुसीमाएँ इस प्रकार हैं पूर्व में गली पश्चिम में रोड़ उत्तर में ग्यारसा का मकान दक्षिण में वंशीधर का मकान हैं उक्त मकान / प्लाट सम्पत्ति उनके पिता श्री मोहनलाल अहिरवार पुत्र श्री मूलचंद अहिरवार निवासी वार्ड नं. 35 विदिशा तहसील व जिला विदिशा म.प्र. द्वारा विक्रेता वंशीलाल पुत्र धन्नालाल निवासी विदिशा जिला विदिशा म.प्र से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 01.06.1974 को जिसका रजिस्टेशन नं 761 से क्रय की थी तथा स्व.श्री मोहनलाल अहिरवार पुत्र श्री मूलचंद अहिरवार की म्रत्यू के पश्चात उक्त संम्पत्ति मोहनलाल की पत्नि श्री मति नन्ही बाई के नाम पर आ गई थी एवं नन्ही बाई की मृत्यू के पश्चात उक्त संम्पत्ति उनके बेटे श्री राजेंद्र अहिरवार पुत्र श्री मोहनलाल अहिरवार के नाम पर वर्तमान में नगर पालिका रिकार्ड में दर्ज है उक्त मकान/प्लॉट पर लोन प्राप्त करने हेतु श्री राजेंद्र अहिरवार द्वारा मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा विदिशा में आवेदन प्रस्तुत किया गया है उक्त मकान पर किसी व्यक्ति या संस्था का किसी प्रकार का हक या आपत्ति हो तो वह उक्त सूचना प्रकाशन के सात दिवस के अंदर मेरे कार्यालय स्थित सेकण्ड फलोर, गोपाल कॉम्पलेक्स, जिला न्यायालय के सामने, राजीवनगर, विदिशा, जिला विदिशा, म.प्र. में आकर आपत्ति दर्ज करायें ऐसा ना करने की दशा में मेरा पक्षकार कम्पनी उक्त संम्पत्ति पर लोन प्रदान करने अग्रसर होगी समयावधि के बाद किसी प्रकार की दावा आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

भवदीय आशीष श्रीवास्तव एडवोकेट
गोपाल कॉम्पलेक्स, सेकण्ड फलोर, जिला न्यायालय के सामने, राजीवनगर, विदिशा,जिला विदिशा, म.प्र.
मो. 9685965100

---

### जब बिजली की जरूरत तभी बिजली गायब

# बारिश पूर्व मेंटेनेंस, फिर क्यों हो रही बिजली की आंख मिचौली?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



बिजली जीवन की आवश्यक आवश्यकता बन गई है। बारिश न होने से भीषण गर्मी, उमस में बिना कूलर पंखे घरो, दुकानों में रहना कठिन होता है। मुख्यमंत्री के आगमन से पूर्व और बाद के दिनों में प्रतिदिन 24 घंटो में अनेक बार बिजली का आना जाना परेशानियों का कारण बन रहा है। बारिश पूर्व विधुत विभाग द्वारा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में मेंटनेश का कार्य करवाया गया फिर क्या कारण है, कि प्रतिदिन बार-बार बिजली गुल होना नागरिकों, किसानों ग्रामीणों के बीच व्यापक चर्चाओं का विषय बन रहा है।

**मेंटनेश की औपचारिकता** - वर्षो पूर्व नगर हो या ग्रामीण क्षेत्र में फीडर सेपरेशन, उपभोक्ता और किसानों को अलग-अलग बिजली की व्यवस्था, विधुत पोल, तार बदलने के साथ खपत और क्षमता के अनुसार ट्रांसफार्मरों को बदलने का कार्य विधुत विभाग द्वारा ठेकेदारों के माध्यम से कराया गया। मिलीभगत से करोडो की राशि के कार्यो में जमकर अनिमित्ताए हुई, और इन्ही खामियों, अनिमित्ताओं और घटिया कार्यो का खामियाजा अब नगर के निवासी ग्रामीण और किसान भोग रहे है। प्रत्येक सीजन में मेंटनेश का कार्य होता है, तब क्या कारण है कि 24 घंटो में एक दर्जन से अधिक बार बिजली गायब होती है। जब कार्यो का बुनियादी ढांचा ही कमजोर घटिया हो तो उपरी कार्य कैसे टिक सकता है। नगर हो या ग्रामीण क्षेत्र अत्याधिक नीचे लटकते ढीले बिजली के तार, आडे तिरछे बिजली के खंबो को स्थान स्थान पर आसानी से देखा जा सकता है। जैसे ही तेज हवा चलती है, तार आपस में टकराने से फाल्ट बनने के साथ बिजली गुल हो जाती है।

# बदला हवाओं का रूख, आसमान में घने बादलों का डेरा

### धान का रोपा डालने के साथ धान की क्यारियों का निर्माण

**बरेली।** सुरक्षित ढंग से मूंग की कटाई के बाद क्षेत्र के हजारों किसान खरीफ फसलो की तैयारी में जुट गए है। किसानों द्वारा धान का रोपा डाला जा रहा है। वही गांव-गांव खेतो में धान की क्यारियों का निर्माण भी शीघ्रता से किया जा रहा है। जिससे अच्छी बारिश होने के बाद धान की रोपाई का कार्य शुरू किया जा सके। जून तक मानसून की बारिश शुरू नहीं हुई है। किसानों को जोरदार मानसूनी बारिश होने का इंतजार बना हुआ है।

क्षेत्र के हजारों किसानों द्वारा ग्रीष्म कालीन मूंग की खेती की गई। अधिकांश किसानों की मूंग बिना बारिश सुरक्षित ढंग से कट चुकी है। अब किसानों द्वारा धान की खेती में सक्रिय हो गए है। क्षेत्र में मुख्य रूप से बासमती धान की खेती रोपा लगा कर की जाती है। उम्दा किस्म का रोपा किसानों द्वारा डाला जा रहा है। क्षेत्र में किसानों द्वारा बासमती धान के बाजिव दाम न मिलने के कारण समर्थन मूल्य पर तौले जाने वाली मोटी धान की खेती के प्रति भी रूझान बढ गया है। बासमती धान में रोगो का प्रकोप और लागत अधिक लगती है। इसी कारण किसानों का मोह भंग हो रहा और मोटी किस्मों की धान की खेती के प्रति रूझान बढ रहा है। बुधवार को दिन भर तेज धूप के साथ भारी गर्मी, उमस का माहौल बना रहा। शाम को अचानक हवाओं का रूख बदलने के साथ आसमान में वर्षा वाले घने बादलों का डेरा जम जाने से अब बारिश की शुरूआत होने की संभावना बढ गई है।

**कार्यालय प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विदिशा**

डाईस कोड 23310723116 — Email-excellenceschoolvidisha@gmail.com

क्रमांक/निविदा आमंत्रण सूचना/2025/218 — विदिशा दिनांक 18.06.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

शासकीय उत्कृष्ट बालक बालिका छात्रावास विदिशा में सत्र 2024-25 में प्रतिमाह भोजन किराना सामग्री कॉस्मेटिक सामग्री साफ सफाई दूध सब्जी आदि सामाग्री प्रदाय करने हेतु ऑफलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है

प्रदाय की जाने वाली सामग्रियों की सूची एवं निविदा की शर्त कार्यालयीन समय में शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय सांची रोड विदिशा के कार्यालय में आकर नगद 100/- रुपए जमा करके प्राप्त की जा सकती है अन्य विवरण निम्नानुसार है

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ऑफ लाईन निविदा प्रपत्र मूल्य ₹100 | दिनांक 21.06.25 को प्रात 11 से 4:00 |
| 2 | ऑफलाइन निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि | दिनांक 22.06.25 को प्रात 11 से 4:00 |
| 3 | ऑफलाइन निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 26.06.25 को प्रात 11 से 4:00 |
| 4 | प्राप्त ऑफलाइन निविदा को खोलने की तिथी | दिनांक 27.06.25 को प्रात 11 से 4:00 |
| 5 | प्राप्त ऑफलाइन निविदा को खोलने का स्थान | प्राचार्य कक्ष शास.उत्कृष्ट उ.मा.वि.विदिशा निविदाकारों की उपस्थिति अनिवार्य है |

प्राचार्य
शास.उत्कृष्ट उ.मा.वि.विदिशा

विदिशा जिले का एक मात्र संस्थान जिसमें है।
मध्यभारत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट
BA-LLB (Hons) — 5 Years Integrated Course (After 12th)
LLB — 3 Years Course (After Graduation)
D.Pharma — 2 Years Course (After 12th Math, Bio)
प्रवेश प्रारंभ — अधिवक्ता एवं जज बनने का सपना साकार करें।
कॉर्पोरेट ऑफिस : जवाहर लाल नेहरू कॉलेज, रामद्वारा, विदिशा (म.प्र.)
9827011587, 9827796812, 07592-470255, 471025
संचालक मज़हर अली जाफरी

BETWANCHAL GROUP OF INSTITUTIONS
Approved by : AICTE & PCI
Affiliated by : RGPV & Barkatullah University
ADMISSION OPEN
MBA (HR.Marketing, Finance) Duration-2 year Affilizindia: AICTE & Barkatullah University
BBA Duration-3 year affillzindia : barkatullah University
BA Duration-3 year Amliated to: barkatullah University
BSC Ouration 3 year Affillated to: barkatullah University
B.COM Duration-3 year Amliated to: barkatullah University
ITI Fitter Copa Affillated to NCVT
B. Pharma Duration-4 year (Approved By : PCI) Amlited to: RGPV
D. Pharma Duration-2 year (Approved By : PCI) Amlited to: RGPV
Add : NH-146, Village Madipur, Block Gulabganj, Distt. Vidisha City Add : NH-86, Vaishali Viharm Sagar Road, Vidisha
Mob.: 07592-447549, 9755550416

website : general.kbtgroup.in
E-Pravesh Code-P619
KUSHABHAU THAKRE COLLEGE
NH-146, Village Suakhedi Near Atarikhejda. Vidisha (M.P.)
प्रवेश प्रारम्भ 2025-26
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबद्धता एवं उच्च शिक्षा से मान्यता प्राप्त
ADMISSION OPEN
BA (Com+Plain) | B.Com (Com+Plain) | B.Sc (Com+Plain) | B.Lib (1 Years) | PGDCA (1 Years) | MSW (2 Years) | PG DIPLOMA HOTEL MANAGEMENT (1 Years) | B.ED. (2 Years)
CITY OFFICE : CIST College Near Water Tank, Arihant Vihar, Vidisha (M.P.)
07592-403481, 796042, 9893708149

## खबर संक्षेप

### एनीमिया दिवस पर कार्यशाला आयोजित

**रायसेन।** जिला चिकित्सालय रायसेन में सिकल सेल एनिमिया दिवस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सिकल सेन एनिमिया के बारे में नागरिकों को विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही सिकल सेल रोगियों के लिए संचालित शासन की योजनाओं के बारे में भी बताया गया। कार्यशाला में सीएमएचओ डॉ एचएन मांडरे, सिविल सर्जन डॉ यशपाल वाल्यान, डॉ सोमनदास डीआईओ, डॉ प्रीतिवाला सहित अन्य चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

### विश्व पर्यटक स्थलों पर ड्रोन संचालन प्रतिबंधित

**रायसेन।** लोक हित में तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने की दृष्टि से कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर अपर कलेक्टर श्रीमती श्वेता पवार द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 में प्रदत्त अधिकारों के तहत ड्रोन अधिनियम 2021 के अंतर्गत बौद्ध स्तूप सांची, भीम बैठिका तथा भोजपुर शिव मंदिर को रेड फ्लाई जोन घोषित किया गया है। इन संवेदनशील स्थलों में बिना विहित प्राधिकारी/उपखण्ड मजिस्ट्रेट की अनुमति के ड्रोन संचालन प्रतिबंधित किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से एकपक्षीय रूप से पारित किया गया है। बौद्ध स्तूप सांची, भीम बैठिका तथा भोजपुर शिव मंदिर क्षेत्र को ड्रोन संचालन हेतु प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित करने के साथ ही अनावश्यक जमावड़ा पर रोक लगाई गई है। जांच के दौरान कोई भी व्यक्ति इन निर्धारित स्थलों में ड्रोन का संचालन करते हुए पाया जाता है तो उसके विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 एवं अन्य सुसंगत प्रावधानों के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### मूंग उपार्जन, पंजीयन 5 जुलाई तक किया जाएगा

**रायसेन।** ग्रीष्म कालीन मौसम में प्राइस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत ई-उपार्जन पोर्टल पर ग्रीष्मकालीन फसल मूंग एवं उड़द को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए 19 जून से 5 जुलाई तक पंजीयन किए जाएंगे। जिले में किसानों की सुविधा के दृष्टिगत कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशानुसार ग्रीष्मकालीन मूंग के उपार्जन हेतु किसान पंजीयन कार्य के लिए 50 पंजीयन केन्द्र स्थापित किए गए हैं। मूंग 8682 रुपए प्रति क्विंटल की दर से और उड़द 7400 रुपए प्रति क्विंटल की दर से उपार्जित की जाएगी।

### पुलिस ने अवैध शराब के 25 क्वाटर जब्त किए

**सलामतपुर।** मुखबिर की सूचना पर आरोपी रोहित मांझी पिता राम सिंह मांझी निवासी राजीवनगर को 180 एमएल के 25 देसी शराब के क्वार्टर जिनकी कीमत लगभग दो हज़ार पांच सौ रुपए के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध 34(1)आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई है। वहीं थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि शराब का अवैध व्यापार करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है।

## जननी 108 एम्बुलेंस में फर्जीवाड़ा थमने का नाम नहीं ले रहा

# वेंडरों के इशारों पर चालक कर रहे मनमानी, हितग्राही हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन/बाड़ी

जिला अस्पताल सहित जिलेभर में जननी 108 एम्बुलेंस सड़कों पर दौड़ रही हैं। इन एम्बुलेंसों में फर्जीवाड़े का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिला अस्पताल की अधिकांश जननी एम्बुलेंस रायसेन से सांची, सलामतपुर, पगनेश्वर सहित नकतरा, देवनगर और गैरतगंज, खरबई, माना, कुशियारी के रास्तों में हर दिन पायलट टाइम पास करते नजर आते हैं। चालक अपनी मनमर्जी से रजिस्टरों में इंट्री भी करते हैं। यह बात भी किसी से छुपी नहीं है।

बताया जाता है कि हरेक जननी 108 एम्बुलेंस चालक को 500 किलोमीटर के टारगेट को पूरा करना पड़ता है। पता चला है कि प्रदेश स्तर पर इन जननी एम्बुलेंस का ठेका प्रक्रिया किन्ही कारणों से अटकी हुई है। इसीलिए पहले के वेंडर ही नियम विरुद्ध गाड़िया चलवा रहे हैं। इस वजह से एम्बुलेंस पायलटों पर किसी अधिकारी का कोई नियंत्रण नहीं है। वह परेशान प्रसूताओं के परिजनों से खर्चा पानी के नाम पर अब रिश्वतखोरी भी कर रहे हैं। पूर्व विधायक देवेंद्र पटेल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, युकां जिलाध्यक्ष हर्ष वर्धन सोलंकी, जावेद अहमद खान ने कहा कि इस जिले का नेतृत्व प्रदेश में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल करते हैं। जिले में स्वास्थ्य सुविधाएं लोगों की पहुंच से दूर वेंटिलेटर पर है। वहीं जननी एम्बुलेंस में भारी भृष्टाचार और बेपटरी हो गईं हैं। इसके पूर्व में भी इस प्रकार की गड़बड़ी को उजागर करते हुए खबरें प्रकाशित की जा चुकी हैं।

नागरिकों ने इन सड़कों पर दौड़ती जननी एंबुलेंस की जांच कर दोषियों पर उचित कार्रवाई की मांग स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र पटेल, कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा सहित सीएमएचओ डॉ एचएन मांडरे से की है। बाड़ी ,ओबेदुल्लागंज, सुल्तानपुर, मंडीदीप देवरी हास्पिटल में वेंडर जय अंबे की जननी एम्बुलेंस किराए पर चल रही है। जबकि पिछली वेंडर द्वारा 10 हजार किलोमीटर से ज्यादा जननी एम्बुलेंस नहीं चली थीं। जबसे इस वेंडर को ठेका दिया गया है सिर्फ फर्जीवाड़े तरीके से वाहनों को सड़कों पर दौड़ाकर कमाई कर रहे हैं।



### बाड़ी में घर जाने के लिए नहीं मिलती जननी एंबुलेंस

*बाड़ी के सरकारी अस्पताल में किराए पर लगी जननी 108 एम्बुलेंस बाड़ी अस्पताल परिसर में नहीं मिलती बल्कि बकतरा भारकच्छ रोड और बाड़ी से बरेली के बीच अक्सर खड़ी होकर इसके पायलट टाइम पास करते रहते हैं । मजबूरी में बाड़ी अस्पताल से डिस्चार्ज हुए जच्चा बच्चा को या तो बसों में धक्के खाकर घर को जाना पड़ता है या फिर किराए के ऑटो और मोटरसाइकिलों पर सवार होकर घरों के लिए जाना पड़ता है । जबकि सत्तारूढ़ सरकारों का कहना है कि मातृत्व सुरक्षा के लिए सुरक्षित प्रसव के लिए जननी सुरक्षा एंबुलेंस योजना चलाई गई है। यह गरीबों के कल्याण के लिए एम्बुलेंस सुविधा पहुंच से दूर होने लगा है। अधिकारी और वेंडर भी इस प्रकार के भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लगा पा रहे हैं। बाड़ी के सरकारी हॉस्पिटल की एक जननी एम्बुलेंस में फर्जीवाड़ा पकड़े जाने पर स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल द्वारा पकड़कर उसे बरेली थाना परिसर में खड़ा करवा दिया गया था। बाद में वेंडरों ने इस जननी एक्सप्रेस वाहन को दो लाख रुपए जुर्माना जमा कर फिर से सड़क पर चलने लगी है।*

#### इनका कहना है

जननी एम्बुलेंसों का उद्देश्य हितग्राहियों को सुविधा दिलाना है, साथ ही इन्हें घर तक पहुंचाना है। अगर कोई शिकायत मिलती है तो उसकी निष्पक्ष जांच की जाएगी। इसके लिए एक समिति भी गठित की जाएगी।

*डॉ. एचएन मांडरे, सीएमएचओ*

## पति ने पुलिस अधीक्षक से की फरियाद

# पत्नी और बच्चे को आरोपियों के चंगुल मुक्त कराने लगाई गुहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

ग्राम बगदरी थाना सुल्तानगंज निवासी फरियादी रामबाबू यादव पिता हम्मीर सिंह ने गुरुवार को दोपहर एसपी पंकज पांडे को आवेदन दिया है, जिसमें बताया गया है कि आरोपी राजपाल यादव पिता मुन्ना यादव निवासी पड़रिया थाना बेगमगंज और उसका रिश्तेदार राघवेंद्र यादव पिता हरि सिंह निवासी बारह तहसील बेगमगंज जो कि 19 अप्रैल 2025 की रात्रि करीब 2 बजे मेरी पत्नी व पुत्र प्रिंस को जीप में बिठाकर अगवा कर ले गए हैं। जो हमारे करीबी रिश्तेदारों से पता चला है कि वर्तमान में वह करहद गांव जिला सागर में आरोपी उनके बहनोई के घर डेरा डाले हुए हैं।

फरियादी रामबाबू यादव का विवाह लगभग 18 वर्ष पहले रानू यादव ग्राम चैनपुरा टपरा तहसील बेगमगंज से हुआ था। जिससे उसके दो बच्चे पुत्री भाग्यश्री यादव उम्र 14 वर्ष और पुत्र प्रिंस यादव उम्र 11 वर्ष के हैं।

### मेरे गहने वापस दिलाएं

फरियादी रामबाबू यादव ने आवेदन में यह भी गुहार लगाई कि मेरी पत्नी रेणु यादव अपने साथ करीब चार लाख रुपये कीमत के सोने चांदी के जेवर भी ले गई है जिसमें चांदी की एक जोड़ पायल चांदी की करधोनी सोने का एक हार सोने की झुमकियां और एक सोने का मंगलसूत्र आदि जेवर लेकर गई है। वह मुझे वापस दिलाए जाएं। साथ में मेरे बेटे को भी पिता के सुपुर्द किया जाए।

उन्होंने यह भी बताया कि आरोपी ने साजिश के तहत मेरी जमीन जायदाद हड़पने की योजना बनाई है। जो मेरी पत्नी के जरिए सफल हो रही है। पीड़ित ने मामले में शीघ्र कार्रवाई की गुहार लगाई है।

# खेल परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम आयोजित होगा

## दीवानगंज के पीएमश्री स्कूल में योग दिवस कार्यक्रम की तैयारी तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



जिला खेल परिसर में आयोजित होगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रमरायसेन।
जिले में ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को विश्व योग दिवस का आयोजन जिला खेल परिसर रायसेन में आयोजित किया गया है। जिसमें जिला मुख्यालय की समस्त शासकीय और अशासकीय संस्थाओं के छात्र-छात्राओं, गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधियों एवं आमजन द्वारा सहभागिता की जाएगी। जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम जिला खेल स्टेडियम में सुबह 6बजे 8 बजे तक होगा। विश्व योग दिवस 21 जून को बारिश होने की स्थिति में डाईट परिसर रायसेन में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

**दीवानगंज पीएमश्री स्कूल में होगा कार्यक्रम:** 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सेलिब्रेट किया जाता है। इस अवसर पर पीएम श्री शाउमा विद्यालय में योग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा और इस दौरान स्कूल मैं उपस्थित शिक्षक और छात्र-छात्राओं के द्वारा योगाभ्यास कराया जाएगा। योग तनाव से राहत पाने के लिए योग सबसे अच्छे समाधानों में से एक है। योग ना सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी स्वस्थ रहने का एक बेहद ही आसान तरीका है। योग शांति प्राप्त करने में मदद करता है।

# नरखेड़ा पंचायत के गांव खेड़ा में कीचड़ का मार्ग बना ग्रामीणों की परेशानी का सबब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

नरखेड़ा पंचायत में आने वाला गांव खेड़ा के ग्रामीण कई वर्षों से सड़क नहीं बनने के कारण परेशान हो रहे है ग्रामीणों का कहना है कि कई बार ग्राम पंचायत और सांची ब्लॉक में इस सड़क को बनाने के लिए आला अधिकारियों को आवेदन कर चुके हैं सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करा चुके हैं इसके बाद भी कोई भी अधिकारी खेड़ा गांव की तरफ ध्यान नहीं दे रहा है।



बारिश के समय खेड़ा गांव के लोगों का पक्के मार्ग तक आना मुश्किल हो जाता है यह लोग 4 महीने का राशन बारिश के पहले ही लेकर अपने घरों में रख लेते हैं क्योंकि बारिश हो जाने के कारण यह लोग पक्की सड़क तक भी नहीं पहुंच पाते हैं। जबकि मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री सड़क योजना और मुख्यमंत्री सड़क योजना चालू है इसके बावजूद भी 2 किलोमीटर की सड़क नहीं बनाई जा रही है अगर किसी महिला की डिलीवरी होना हो या किसी को कोई बीमार हो जाए तो अस्पताल तक पहुंचना नामुमकिन हो जाता है बीमार व्यक्ति या डिलीवरी वाली महिला बैलगाड़ी से ले जाया जाता है क्योंकि इस मार्ग पर मोटरसाइकिल या फोर व्हीलर गाड़ी नहीं चल सकती। सड़क खराब होने के कारण मंगलवार को ग्रामीणों ने जनसुनवाई में कलेक्टर को सड़क बनवाने आवेदन दिया है। जिस पर कलेक्टर ने आश्वासन दिया है कि आपकी समस्या को जल्द ही हल किया जाएगा।

आज के समय में खेड़ा गांव की सड़क ना बनना सोच से परे है जबकि मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री हर गांव को हाईवे से जोड़ने का प्रयत्न कर रहे हैं दूसरी ओर कहीं गांव आज भी सड़क के लिए तरस रहे हैं जिस कारण खेड़ा गांव आज भी सड़क के लिए तरस रहा है। कुछ बच्चे इसी मार्ग से होते हुए दीवानगंज हाई सेकेंडरी स्कूल, बेरखेड़ी चौराहा के स्कूल तक जाते हैं।

# दो लाख रुपए कीमत की सागौन सिल्लियां बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मुख्य वनसंरक्षक वृत्त भोपाल राजेश कुमार खरे के निर्देशन एवं वनमण्डलाधिकारी श्रीमति प्रतिभा शुक्ला के मार्ग दर्शन में बीती रात्रि वन अमले जैथारी बीट में द मुखबिर की सूचना पर बीट घोघरी पीएफ-656 सागर सीमा से लगे जंगल में घेराबन्दी की गई।

महिन्द्रा बोलेरो मेक्स पिकअप वाहन क्रमांक MP04YD 6016



में सागौन लट्ठा 23 नग 1.988 घ.मी. कीमत 1,70,414.00 रूपये की अवैध परिवहन करते हुये जप्त किया गया। जिसे आरोपी सागौन को पिकअप मे प्याज की भरी बोरियों से छिपा कर ले जा रहे थे।

# सांची में स्ट्रीट लाइटें बंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांची

शहर की मुख्य सड़क पर रात भर अंधेरा छाया रहता है। क्योंकि जबसे नगर में स्ट्रीट लाइट लगी है तब से आज तक कभी पूर्ण रूप से नहीं जल सकी।

सरकार द्वारा नगर की शोभा और विश्व पर्यटक स्थल को रोशन करने के लिए नगर परिषद लाखों रुपए खर्च कर रही है, नतीजन ठेकेदारों द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है जिससे नागिरकों को सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। सबकुछ प्रशासन के नाक के नीचे हो रहा है पर जिम्मेदार मौन हैं।

# वनगवां में धरती आबा शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 15 जून से 30 जून तक रायसेन जिले के चिन्हित ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित कर ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।




इसी क्रम में गुरूवार को सांची जनपद पंचायत के ग्राम वनगवां में शिविर आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई तथा आवेदन प्राप्त किए गए। साथ ही योजनाओं के स्वीकृति पत्र भी वितरित किए गए। शिविर में आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, पीएम किसान, जनधन खाता के वितरण के साथ ही उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, राष्ट्रीय पशुधन मिशन आदि योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में एसडीएम श्री मुकेश सिंह, सांची जनपद पंचायत सीईओ श्रीमती बंदू सूर्यवंशी सहित विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## कर्क रेखा पर 21 जून को दोपहर 12 बजे परछाई भी नहीं दिखेगी

# ऐसा स्थान जहां साया भी छोड़ देता है साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

सलामतपुर बेरखेड़ी चौराहा से 5 किलोमीटर दूर पर्यटक स्थल कर्क रेखा पर इन दिनों सैल्फी प्वाइंट बना हुआ है। यहां से निकलने वाला हर व्यक्ति यहां पर सेल्फी लेना नहीं भूलता। 21 जून को हर साल दोपहर के 12 बजे यहां पर व्यक्ति को अपनी परछाई भी नहीं दिखती और परछाई भी साथ छोड़ देती है।

ऐसा इसलिए होता है क्योंकि कर्क रेखा स्थल पर 21 जून को दोपहर 12 बजे सूर्य की किरणें 90 डिग्री लंबवत पड़ने के कारण खड़े व्यक्ति की परछाई ही नहीं बनती। इसलिए कर्क रेखा क्षेत्र को नो शैडो जोन भी कहा जाता है। कर्क रेखा को चिन्हांकित करने के लिये उस स्थल पर राजस्थानी पत्थरों से चबूतरानुमा स्मारक बनाया गया है। यह स्थान रायसेन जिले का सबसे आर्कषक सेल्फी पाइंट है। यहां से निकलने वाला प्रत्येक व्यक्ति सेल्फी लिये बिना आगे नहीं बढ़ता। कर्क रेखा उत्तरी गोलार्ध में भूमध्य रेखा के समानान्तर 23°26′22″छ ग्लोब पर पश्चिम से पूर्व की और खींची गई एक काल्पनिक रेखा है। यह रेखा पृथ्वी पर उन पांच प्रमुख अक्षांश रेखाओं में से एक है जो पृथ्वी के मानचित्र पर प्रदर्षित की जाती हैं। कर्क रेखा पृथ्वी की उत्तरीय अक्षांश रेखा हैं जिस पर सूर्य दोपहर के समय लम्बवत होता है। 21 जून को जब सूर्य इस रेखा के एकदम ऊपर होता है उत्तरी गोलार्ध में वह दिन सबसे बड़ा व रात सबसे छोटी होती है। कर्क रेखा को चिह्नित करता स्मारक मातेहुआला सैन लुइस पोटोसी मेक्सिको तथा भारत में कर्क रेखा उज्जैन शहर से निकलती है।




### भारत के इन शहरों और राज्यों से गुजरती है कर्क रेखा

*23.32 डिग्री उत्तरी अक्षांष कर्क रेखा मध्यप्रदेश के रायसेन, विदिशा, सागर, दमोह, कटनी, उमरिया, शहडोल और जबलपुर जिलों से गुजरती है। जिन स्थानों से यह रेखा गुजरती है वहां ग्रीष्म ऋतु की अवधि शीत ऋतु से अधिक होती है। दक्षिण अफ्रीका के सहारा मरूस्थल का अधिकांश हिस्सा कर्क रेखा पर होने के कारण यहां का तापमान सबसे अधिक होता है। कर्क रेखा मध्यप्रदेश के अलावा गुजरात राजस्थान छत्तीसगढ़ झारखंड पष्चिम बंगाल मिजोरम राज्यों से निकलती है।*

#### इनका कहना है

हमने सुना है कि 21 जून को दोपहर 12 बजे कर्क रेखा स्थल पर अपनी परछाई गायब हो जाती है। इसलिए हम 21 जून को यहां पर फिर से आएंगे। और देखेंगे कि क्या वास्तव में ही दोपहर 12 बजे परछाई गायब हो जाती है।

***पीयूष साहू, पर्यटक भोपाल***

कर्क रेखा स्थल पर हर वर्ष 21 जून को बड़ी संख्या में पर्यटक अपनी परछाई को गायब होते हुए देखने भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर आदि शहरों से आते हैं। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से यहां कम लोग आ रहे हैं। लेकिन इस बार 21 जून को काफी संख्या में पर्यटकों के आने की उम्मीद है। क्योंकि यहां पर अब पहले की अपेक्षा काफी सुविधाएं बढ़ गई हैं।

***कालूराम मीणा, सरपंच ग्राम पंचायत खोहा***

### जेई अहिरवार ने कार्यभार संभाला



**सिलवानी।** मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सिलवानी कार्यालय में नवागत जेई मनीष कुमार अहिरवार ने कार्यभार संभाल लिया।उन्होने कार्यालयीन कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर मौजूद पत्रकारो से अनौपचारिक चर्चा में कहा कि पारदर्शिता के साथ कार्य किया जाएगा। विद्युत अव्यवस्था की शिकायत मिलने पर तत्काल ही दुरुस्थी की कार्रवाही की जाएगी। श्री अहिरवार ने नागरिको से अपील की कि वह समय पर बिजली बिल की राशि जमा करे। किसी भी तरह की बिजली संबंधित शिकायत होने पर तत्काल ही सूचित करें।

# खोड़े गाड़ने के विवाद में 15 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

थाना कोतवाली के तहत ग्राम गंभीरी में मीणा समाज के एक ही परिवार के लोगों के बीच खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। इस विवाद में दोनों पक्ष से 15 लोग घायल हो गए, जिनमें से 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें जिला अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रैफर कर दिया है।

कोतवाली थाने के प्रभारी टीआई शेरा शुल्या ने बताया कि फिलहाल पुलिस ने यह मारपीट का मामला जांच में लिया है। बताया जाता है कि ग्राम गंभीरी में खेत में खोड़े गड़ाने तार फेंसिंग को लेकर मीणा समाज के दो परिवारों में लड़ाई हो गई। दोनों पक्ष से लट्ठ कतरने जमकर चले। जिसमें अतर सिंह पिता रामस्वरूप, सीताराम पिता रामस्वरूप मीणा, नीरज पिता हीरालाल, बद्री मीणा खेमचंद, रति राम लखन, दातार मीणा आदि गंभीर घायल होने पर भोपाल भेजा गया है।



ऐजेन्सी देना है। हरिभूमि
रायसेन जिले में ऐजेन्सी देना है ।
सुल्तानपुर, बेगमगंज, देहगॉव, उदयपुरा, गैरतगंज, राजपुरा, खरगौन, विनेका, देवरी
सम्पर्क करें संदीप दुबे : 9826293534
पता :- हरिभूमि कार्यालय 4 फ्लोर, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल
मो.: 8770833858, 9827743042